महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय,अजमेर

क्रमांकःएफ–14( )शैक्ष.II/मदसविवि/2021/268 दिनांकः 19.02.2021

अतिआवश्यक

प्राचार्य,
सम्बद्ध महाविद्यालय,
महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर ।

विषयः छात्रवृत्ति पोर्टल खुलवाने हेतु शपथ पत्र भिजवाने बाबत्।
संदर्भः विश्वविद्यालय पत्रांक 2617–2930 दिनांक 12.02.21

महोदय,

उपरोक्त विषयांतर्गत एवं संदर्भित पत्रानुसार संलग्न शपथ–पत्र पर अण्डरटेकिंग विश्वविद्यालय में भिजवाने हेतु सूचित किया गया था ।

जॉच करने पर पाया गया कि कुछ महाविद्यालयों ने शपथ–पत्र में बदलाव कर प्रस्तुत किये गये है एवं हार्ड कॉपी अभी तक प्राप्त नहीं हुई है। इस बाबत् संदर्भित पत्र में स्पष्ट रूप से सूचित किया गया था कि शपथपत्र में किसी भी प्रकार का बदलाव मान्य नहीं होगा।

आपको पुनः सूचित किया जाता है कि मय संलग्नक शपथ–पत्र हिन्दी में टाईप शुदा यथानुरूप प्रस्तुत करें, इसमें कोई परिवर्तन मान्य नहीं होगा। शपथ–पत्र नोटेरी द्वारा प्रमाणित एवं पूर्ण हो। उक्त शपथ–पत्र प्रेषित करने में विलम्ब से छात्रवृत्ति पोर्टल की सारी प्रकिया में विलम्ब हो रहा है।

अन्ततः यह अन्तिम अवसर दिया जाता है कि अपेक्षित उक्त शपथ पत्र की हार्ड कॉपी विश्वविद्यालय द्वारा मांगे गए फारमेट में 03 दिवस में आवश्यक रूप से प्रस्तुत कर दें। किसी कारण हुए विलम्व के लिए महाविद्यालय स्वयं उत्तरदायी होगा। **कृपया इसे सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करें।**

भवदीय,

उप कुलसचिव(शैक्ष–II)